# अपने अधिकारों के बारे में जानें

## प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल

## Washington में गर्भपात कानूनी और संरक्षित है

### Washington गर्भपात तक पहुंच की गारंटी प्रदान करता है:

- Washington में हर गर्भवती महिला को भ्रूण में जीवन आने (गर्भावस्था के 24 सप्ताह) से पहले किसी भी कारण से गर्भपात कराने का मौलिक अधिकार है।[1]
- भ्रूण में जीवन आने के बाद, Washington में गर्भपात की अनुमति तब ही दी जाती है, जब गर्भवती महिला के जीवन को कोई खतरा हो।[2]
- Washington में, हर उम्र के लोगों को अपनी गर्भपात देखभाल के लिए सहमति देने का अधिकार है। Washington में किसी महिला को गर्भपात कराने के लिए, माता-पिता, अभिभावक या साथी की सहमति की ज़रूरत नहीं है।[3]

### Washington में गर्भपात गोपनीय है:

- Washington में स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आम तौर पर किसी गर्भवती व्यक्ति की लिखित सहमति के बिना उसके बारे में स्वास्थ्य देखभाल जानकारी का खुलासा नहीं कर सकते हैं।[4]
- 2024 की शुरुआत से, Washington के व्यवसाय व्यक्ति की सहमति के बिना, प्रजनन और यौन स्वास्थ्य जानकारी सहित कुछ स्वास्थ्य जानकारी का खुलासा नहीं कर सकते हैं या उसकी बिक्री नहीं कर सकते हैं।[5]
- गर्भवती महिलाओं को यह सुनिश्चित करने का कानूनी अधिकार है कि गर्भपात के संबंध में सभी जानकारी उनके स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान करने वाले व्यक्ति (माता-पिता सहित) के बजाय, उन्हें भेजी जाए।[6]
- यह जानकारी कहाँ पर भेजी गई है इसे बदलने के लिए, गोपनीयता अनुरोध फ़ॉर्मको प्रिंट करें, उसे पूरा भरे, उस पर हस्ताक्षर करें और अपनी स्वास्थ्य बीमा कंपनी को भेजें।[7] इस गोपनीयता का अनुरोध करने के लिए, आप अपनी स्वास्थ्य बीमा कंपनी को भी कॉल कर सकते हैं।

### Washington में गर्भपात सेवाओं के लिए बीमा कवरेज करने की आवश्यकता है:

- गर्भावस्था या मातृत्व सेवाओं को कवर करने वाली सभी राज्य-विनियमित स्वास्थ्य योजनाओं को कानूनी रूप से चिकित्सा/दवा गर्भपात (जब गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए गोलियों का उपयोग किया जाता है) सहित गर्भपात सेवाओं को भी कवर करना जरुरी है।[8] सामान्य रूप से स्वास्थ्य योजनाएं गर्भपात देखभाल के लिए लागत साझाकरण लागू नहीं कर सकती हैं।[9]
- Washington का स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम, ऐप्पल हेल्थ (मेडिकेड), अर्हता प्राप्त करने वाले रोगियों के लिए गर्भपात देखभाल को कवर करेगा।[10]
- अगर आपने बीमा नहीं करवाया है, तो गर्भपात के लिए भुगतान करने में आपकी मदद करने के लिए, राज्य स्तर पर कार्यक्रम उपलब्ध हैं।[11]

### अन्य राज्यों के गर्भवती लोग Washington में गर्भपात देखभाल प्राप्त कर सकते हैं:

- अन्य राज्यों से गर्भवती व्यक्ति गर्भपात सेवाओं के लिए Washington आ सकती हैं।[12]
- Washington कानून प्रवर्तन, एजेंसियों और अदालतों को राज्य के बाहर की नागरिक और आपराधिक जांच या Washington में प्रदान की जाने वाली देखभाल से संबंधित कानूनी कार्रवाइयों में सहयोग करने से प्रतिबंधित किया गया है।[13]
- 2024 की शुरुआत से, Washington में एकत्र किए गए कुछ स्वास्थ्य डेटा, जिसमें Washington में प्रवेश करने वाले राज्य के बाहर के निवासी भी शामिल हैं, को सहमति के बिना एकत्र, साझा या बेचा नहीं जा सकता है।[14]
- कानूनी गर्भपात देखभाल की पेशकश के लिए Washington में लाइसेंस प्राप्त प्रदाताओं को अनुशासित नहीं किया जाएगा, भले ही कोई अन्य राज्य अनुशासनात्मक कार्रवाई करे।[15]

---

1 RCW (Revised Code of Washington, Washington की संशोधित संहिता, 9.02.100,.110,.170.
2 RCW 9.02.110.
3 RCW 9.02.100; 2022 के कानून भी देखें, अध्याय 65, § 1(5).
4 RCW 70.02.020(1);; 45 CFR (Code of Federal Regulations, संघीय विनियम संहिता) § 164.502.
5 Laws of 2023, ch. 191 (Washington My Health My Data Act). व्यवसायों को 31 मार्च, 2024 तक अनुपालन करना होगा और छोटे व्यवसायों को 30 जून, 2024 तक इसका अनुपालन करना होगा।
6 WAC (Washington Administrative Code, वाशिंगटन प्रशासनिक संहिता) 284-04-510.
7 यह अनुरोध प्रपत्र यहां पर उपलब्ध है: https://www.insurance.wa.gov/sites/default/files/documents/confidentiality-request-form_0.pdf.
8 RCW 48.43.073; https://www.insurance.wa.gov/coverage-abortion-services.
9 2023 के कानून, अध्याय 194 (RCW 48.43.073 में संशोधन)। यदि आपके पास स्वास्थ्य बचत खाते (HSA) के लिए एक योग्य स्वास्थ्य योजना है, तो आपकी योजना गर्भपात देखभाल के लिए लागत साझाकरण स्थापित कर सकती है, लेकिन केवल आपके एचएसए (HSA)से कर-मुक्त योगदान और निकासी का दावा करने की आपकी क्षमता को संरक्षित करने के लिए आवश्यक न्यूनतम स्तर पर।
10 ऐप्पल हेल्थ (https://www.hca.wa.gov) गर्भपात सेवाओं, गर्भपात के बाद की देखभाल और गर्भपात के बाद परिवार नियोजन को कवर करता है। अगर आपके पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है और आप ऐप्पल हेल्थ के लिए योग्य नहीं हैं, तो आपको किसी स्वास्थ्य देखभाल क्लिनिक, गर्भपात प्रदाता, या नॉर्थवेस्ट एबॉर्शन एक्सेस फंड(Northwest Abortion Access Fund ) (https://nwaafund.org/) से मदद मिल सकती है।
11 आप ज़रूरी शर्तें पूरी करत्व हैं या नहीं, यह जानने के लिए, इस प्रीस्क्रीनिंग फॉर्म का इस्तेमाल करें: https://www.washingtonconnection.org/prescreening/home.go?action=Introduction.
12 RCW 9.02.110.
13 2023 के कानून, अध्याय 193; RCW 9.02.100 *भी देखें।*
14 2023 के कानून, अध्याय 191।
15 2023 के कानून, अध्याय 192। यदि प्रदाताओं के पास विशिष्ट परिस्थितियों में गर्भपात देखभाल प्रदान करने या समर्थन करने के अपने कानूनी अधिकारों के बारे में कोई सवाल हैं, या उन्हें गिरफ्तारी या अभियोजन की धमकी दी गई है, तो मुफ्त (निःशुल्क) कानूनी सलाह और प्रतिनिधित्व https://abortiondefensenetwork.org/ के माध्यम से पर उपलब्ध है।

# अपने अधिकारों के बारे में जानें

## प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल

**Washington में गर्भपात और गर्भनिरोध आपका अधिकार है:**

- Washington का कानून किसी को भी गर्भपात देखभाल सहित स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के इस्तेमाल में हस्तक्षेप करने या रुकावट डालने से रोकता है।[16]
- आप चिकित्सकों के साथ-साथ चिकित्सक सहायकों और एडवांस्ड रजिस्टर्ड नर्स प्रैक्टीशनर से गर्भपात देखभाल ले सकते हैं।[17]
- आप फोन या कंप्यूटर (टेलीहेल्थ अपॉइंटमेंट) की मदद से, किसी चिकित्सा प्रदाता से संपर्क कर सकते हैं और Washington राज्य के किसी भी पते पर गर्भपात की गोलियां प्राप्त कर सकते हैं।[18]
- कोई अस्पताल या अन्य नियोक्ता एक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को गर्भावस्था की जटिलताओं (गर्भपात और एक्टोपिक गर्भधारण सहित) के लिए रोगी का इलाज करने से नहीं रोक सकता है, जिनसे रोगी के जीवन को खतरा, अपरिवर्तनीय जटिलताएं, या रोगी को शारीरिक हानि का जोखिम हो सकता है।[19]
- Washington राज्य में आप किसी भी उम्र में गर्भनिरोधक का इस्तेमाल कर सकते हैं।[20]

**"संकट गर्भावस्था केंद्र" से सावधान रहें:**

- उन क्लीनिकों से सावधान रहें जो प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल देने का दावा करते हैं लेकिन गर्भपात करने या गर्भपात के लिए रेफरल देने से इनकार करते हैं। इस तरह के क्लीनिक को आम तौर से, "संकट गर्भावस्था केंद्र" कहा जाता है।
- "संकट गर्भावस्था केंद्र" उन कर्मचारियों या स्वयंसेवकों द्वारा रोगी देखभाल प्रदान कर सकते हैं, जो लाइसेंस प्राप्त स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नहीं हैं और जो अधूरी, चिकित्सकीय रूप से गलत जानकारी प्रदान कर सकते हैं। ये क्लिनिक HIPAA (Health Insurance Portability and Accountability Act, स्वास्थ्य बीमा सुवाह्यता और जवाबदेही अधिनियम) के अधीन नहीं हैं और आपकी स्वास्थ्य जानकारी को गोपनीय नहीं रख सकते हैं।[21]

**गर्भपात देखभाल प्रदाता को खोजना :**

- Washington में नॉर्थवेस्ट एबॉर्शन एक्सेस फंड (The Northwest Abortion Access Fund) और नेशनल एबॉर्शन फेडरेशन (National Abortion Federation) गर्भपात प्रदाताओं की सूची रखते हैं।[22]
- आप ऐप्पल स्वास्थ्य प्रबंधित देखभाल योजना (Apple Health managed care plan) या गर्भवती महिलाओं के लिए Apple स्वास्थ्य (Apple Health for Pregnant Women) के लिए पात्र हो सकती हैं। दोनों में, गर्भपात सेवाएं, गर्भपात के बाद देखभाल, और गर्भपात के बाद परिवार नियोजन कवर होते हैं।
- अगर आपके पास Washington का प्रोविडेंस हेल्थ प्लान कवरेज है, DOH (Department of Health,स्वास्थ्य विभाग) आपकी गर्भपात सेवाओं के लिए भुगतान करेगा. ऐसा तब होगा, जब आपने किसी ऐसे सेवा प्रदाता से सेवा ली है जो स्वास्थ्य विभाग से प्रतिपूर्ति के लिए सहमत है।[23]

**Washington कानून में जन्म नियंत्रण और आपातकालीन गर्भनिरोधक के लिए विशेष सुरक्षा प्रदान करता है :**

- Washington की फ़ार्मेसीयों को गर्भपात, आपातकालीन गर्भनिरोधक और जन्म नियंत्रण के नुस्खे सहित वह सभी वैध नुस्खे उपलब्ध कराने होंगे, जब तक कि कोई चिकित्सीय कारण न हो (जैसे एलर्जी) या फ़ार्मेसी के पास दवा नहीं है और इसे जल्दी से प्राप्त नहीं किया जा सकता हो।[24]
- Washington के कानून में आमतौर पर सभी राज्य-विनियमित स्वास्थ्य योजनाओं (छात्र स्वास्थ्य योजनाओं सहित) की आवश्यकता होती है, ताकि प्रत्येक प्रकार की FDA (Food and Drug Administration, खाद्य एवं औषधि प्रशासन) अनुमोदित गर्भनिरोधक विधि को कवर किया जा सके, जिसमें आपातकालीन गर्भनिरोधक और ऐसे तरीके शामिल हैं जिनके लिए डॉक्टर के पर्चे की ज़रूरत नहीं होती है, आमतौर पर बिना किसी कीमत पर और बिना किसी प्रतिबंध या देरी के।[25]
- आपातकालीन कक्ष वाले सभी अस्पतालों को यौन उत्पीड़न के उपचार के विकल्प के रूप में आपातकालीन गर्भनिरोधक प्रदान करना होगा।[26]

---

16 45RCW 9A.50.020.

17 RCW 9.02.110.

18 प्लान C में यह टेलीहेल्थ सेवा देने वालों की सूची दी गई है, https://www.plancpills.org/states/washington. क्लीनिकों में सीडर रिवर क्लीनिक(Cedar Rivers Clinics) और प्लान्ड पेरेंटहुड(Planned Parenthood) शामिल हैं।

19 RCW 70.400.020.

20 RCW 9.02.100.

21 संघीय स्वास्थ्य गोपनीयता सुरक्षा (जिसे HIPAA के नाम से भी जाना जाता है) आम तौर पर केवल लाइसेंस प्राप्त स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं और उनके कर्मचारियों और एजेंटों पर लागू होती है। 45 सीएफआर § 164.502। Washington का नया स्वास्थ्य डेटा गोपनीयता कानून 2024 में लागू होगा। 2023 के कानून, अध्याय 191।

22 ये संसाधन, Washington स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट, https://doh.wa.gov/you-and-your-family/sexual-and-reproductive-health/abortion पर उपलब्ध हैं। *नॉर्थवेस्ट एबॉर्शन एक्सेस फंड (The Northwest Abortion Access Fund)* (www.abortionfinder.org) भी देखें; राष्ट्रीय गर्भपात महासंघ(The National Abortion Federation)(www.prochoice.org/patients/find-a-provider)।

23 https://doh.wa.gov/you-and-your-family/sexual-and-reproductive-health/abortion/increasing-access-reproductive-choice.

24 WAC 246-945-415; *Stormans, Inc. v. Wiesman*, 794 F.3d 1064 (9th Cir. 2015).

25 RCW 48.43.072; WAC 284-43-5150; https://www.insurance.wa.gov/reproductive-and-birth-control-health-rights.

26 RCW 70.41.350; WAC 246-320-286.